सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन नैनीताल 05 जून, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में होटल एसोसिएशन और बोट एसोसिएशन नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने पदाधिकारियों के साथ नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाओं और अवस्थापना विकास से संबंधित चुनौतियों व समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उनके सुझाव प्राप्त किए।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और झील देश एवं विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि समय के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाना जरूरी है, इस ओर सरकार द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से पर्यटन क्षेत्र में मॉर्डनाइजेशन व वैल्यू एडिशन किए जाने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए छोटी–छोटी पार्किंग, मल्टीस्टोरी पार्किंग व रोप वे आदि से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा की नैनीताल की झील यहां आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है जिसका रखरखाव किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेशनल हाइड्रोग्राफर ऑफिस देहरादून द्वारा नैनीताल झील का जल्द ही सर्वे किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा नैनीताल में पर्यटन व्यवसाय से संबंधित चुनौतियों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा नैनीताल झील की सिल्ट को हटाने, मुख्य रूप से शहर की पार्किंग क्षमता बढ़ाये जाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने, नैनीताल स्थित रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग के रूप में विकसित किए जाने, पेयजल व्यवस्था के लिए वैकल्पिक समाधान खोजने, पुराने होटलों के पुनर्निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिए जाने, मानसखंड हेतु विशेष ट्रेनों के संचालन किए जाने, नैनीताल तक बड़ी बसों के संचालन, पंतनगर एयरपोर्ट को के विस्तारीकरण किए जाने जैसे सुझाव व समस्याओं से अवगत कराया।

बैठक में बोट एसोसिएशन द्वारा नैनी झील में बने बोट स्टेंड में शेल्टर बनाए जाने का सुझाव दिया जिससे बरसात के मौसम में पर्यटकों को खड़े होने की सुविधा हो सके। इसके साथ नगर पालिका द्वारा दिए जाने वाले लाइफ जैकेट विगत तीन वर्षों से नहीं दिए गए हैं जिन्हें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने झील के सौंदर्यीकरण, सड़क की मरम्मत की जरूरत बताई।

राज्यपाल ने सभी समस्याओं के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन के अलावा मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से वार्ता कर सुझावों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ सुझावों पर कार्यवाही गतिमान भी है। इस बैठक में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष श्री दिग्विजय सिंह बिष्ट, बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसिंह बिष्ट सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

............0............